हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2026

तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

11 सिर्री के मजदूरों ने बिरेझर चौकी में 3 युवकों की कराई शिकायत..



11 कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया महामाई धाम...





आवश्यकता है

| | |
|---|---|
| अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर | 1 पद |
| ऑफिस कार्य के लिए | 2 पद |
| घर कार्य के लिए | 1 पद |
| अनुभवी कार ड्रायवर | 1 पद |
| रेत खदान के लिए दिन/रात | 3 पद |

श्री श्याम ट्रेडिंग कंपनी
रेल्वे स्टेशन के सामने धमतरी
संपर्क : 93403-49958

# नगर में मेडिकल कॉलेज के लिए तैयार हो रहा आंदोलन का ग्राउंड

हरिभूमि टीम ⏭धमतरी

हरिभूमि सरोकार


मेडिकल कॉलेज को लेकर अब धमतरी में आंदोलन के लिए ग्राउंड तैयार हो रहा है। जनप्रतिनिधि, समाजसेवी से लेकर आम नागरिक अब मेडिकल कॉलेज की मांग को पूरा करवाने के लिए जमीन स्तर पर लड़ाई लड़ने को भी राजी हैं।

धमतरी में मेडिकल कॉलेज खुलने पर चिकित्सा की गुणवत्ता में तो सुधार आएगा ही, साथ ही चिकित्सा सुविधाएं सस्ती होंगी। स्थानीय स्तर के मध्यम और ⏩ शेष पेज 11 पर

## मांग करते थक चुकी जनता में फैलने लगा असंतोष, आंदोलन के लिए एकजुट होने का आह्वान

### पचास साल पहले ही खुल जाना था : डॉ. चंद्रशेखर चौबे

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर चौबे ने कहा कि धमतरी में करीब 50 वर्ष पहले ही मेडिकल कॉलेज खुल जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि धमतरी बस्तर क्षेत्र का प्रवेश द्वार माना जाता है और यहां बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। बावजूद इसके जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अब तक ⏩ शेष पेज 11 पर



### जनता की आवाज जरूरी : डॉ. रोशन उपाध्याय

उपाध्याय अस्पताल के संचालक डॉक्टर रोशन उपाध्याय ने बताया कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुलना है। राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ जनता की आवाज बुलंद हो तो मेडिकल कॉलेज खुलने की राह आसान हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज खुलने से स्थानीय छात्रों को राहत मिलेगी। पोस्ट ग्रेजुएशन शुरू होने से सुपर स्पेशलिटी की कमी दूर होगी। ⏩ शेष पेज 11 पर

### बीमारियां बढ़ी, चिकित्सा सुविधा नहीं : अशोक पवार

स्वर्गधाम सेवा समिति के महासचिव अशोक पवार (गुल्ला सर) ने कहा कि पिछले कुछ सालों में जिस रफ्तार से बीमारियां बढ़ी हैं, उस हिसाब से चिकित्सा सुविधाएं नहीं बढ़ी हैं। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार तो इलाज में ही कर्जे में डूब जाते हैं। इन परिवार के छात्रों के लिए मेडिकल कॉलेज में पढ़ना एक सपना है। धमतरी में मेडिकल कॉलेज खुलने से ये समस्याएं दूर हो जाएंगी। मांग करते धमतरी की जनता थक चुकी है, अब समय आ गया है हम अपना हक लड़कर लें। जाति, धर्म, सामाज के भेदभाव को मिटाकर हर वर्ग के लोगों को आंदोलन के लिए सामने आना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### अचेत मिले आटो चालक की मौत

**धमतरी।** बस स्टॉप के पास अचेत हालत में पड़े मिले आटोचालक को डाक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय महंत घासीदास वार्ड निवासी शेख



जमील पिता शेख जलील उम्र 37 वर्ष आटो चलाने का काम करता था। युवक बहुत कम घर आना जाना करता था। वह रोज शराब सेवन करता था। गुरुवार को अम्बेडकर चौक के आगे स्थित बस स्टॉप के पास बंद फल दुकान के पास अचेत हालत में पड़ा था। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान मौके पर पहुंच युवक को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने गुरुवार को पंचनामा कर व शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। आटो चालक के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### सिर में दर्द उठा और हो गई युवक की मौत

**धमतरी।** अचानक सिर में तेज दर्द होने पर युवक को अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। अस्पताल



पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरमरा निवासी सागर ध्रुव पिता राजूराम उम्र 25 वर्ष ईंट ठेकेदारी का काम करता था। युवक बुधवार को अपना ट्रेक्टर लेकर ईंट भट्ठा गया था। जहां से युवक ट्रेक्टर को चलाते हुए वापस अपने घर आ गया। उसके बाद युवक ने परिजनो को सिर में दर्द होना बताया। रात्रि में युवक के सिर में अचानक तेज दर्द शुरु होने से वह अचेत हो गया। जिसे संजीवनी 108 के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। युवक के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## खरेंगा में महानदी स्थित श्मशान घाट में मिले 8 नर कंकाल

# प्लास्टर रेत के लिए खोद डाला श्मशान घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेत के नाम पर माफियाओं ने पूर्वजों की कब्र खोद डाली। ग्रामीणों की नजर जब शमशाम में निकले नर कंकालों पर पड़ी तो जमकर विवाद हुआ। फिलहाल रेत उत्खनन रोक दिया गया है। पहले भी यहां इस प्रकार का मामला सामने आया था। इसके बाद कुछ ही दिन खदान बंद रहा, उसके बाद रेत माफिया फिर से शमशाम से रेत निकासी शुरू कर दी है।

पूरा मामला ग्राम खरेंगा का है। यहां पर कोई रेत खदान स्वीकृत नहीं है। इसके बाद भी चोरी-छिपे रेत माफिया यहां से रेत उत्खनन कर रहे हैं। कई बार ग्रामीणों ने रोकने की कोशिश की, लेकिन रेत माफिया के दबंगई के आगे उनकी नहीं चली और लगातार रेत का उत्खनन चल रहा है। उत्खनन का यह मामला गुरुवार को





गर्मा गया, जब ग्रामीणों की नजर यहां पर नर कंकालों पर पड़ी। करीब 8 नर कंकाल बाहर आ चुके थे। इसके बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मौके पर पुलिस, एसडीएम और तहसीलदार भी पहुंच गए। उन्होंने कंकालों को फिर से रेत से ढंकवाया, लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश अभी ठंडा नहीं हुआ है।

ग्रामीण उपाध्यक्ष हिरेंद्र साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष मोहन साहू ने बताया कि खरेंगा का रेत खदान पूरी तरह से अवैध है। यहां जो लोग भी उत्खनन करते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वे कलेक्टर से इसकी शिकायत करेंगे।

### गांव के लेबर, ड्राइवर भी सक्रिय

ग्रामीणों ने बताया कि खरेंगा से रेत निकासी में गांव के बाहर के लोग तो सक्रिय हैं, लेकिन गांव के लेबर ड्राइवर भी इसमें शामिल है। ग्रामीणों की आवश्यकता के लिए रेत निकासी के लिए छूट है। इसी नियम का फायदा उठाकर गांव के लेबर ड्राइवर खदान से रेत निकालते हैं। शमशान को रेत उत्खनन के लिए प्रतिबंधित किया गया है, इसके बाद भी वहां पर उत्खनन से बाज नहीं आ रहे हैं।

### दर्री के रास्ते घुसती हैं गाड़ियां

दर्री और खरेंगा की सीमा आपस में सटी हुई है। दोनों गांव के बीच सीमा को लेकर विवाद भी है। इसी का फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं। दर्री में प्लास्टर रेत की कमी है। इसके बाद भी यहां रेत निकासी पर प्रति ट्रैक्टर 300 रुपए शुल्क लिया जा रहा है। ट्रैक्टर चालक दर्री की ओर से गाड़ी घुसाते हैं और खरेंगा के शमशाम से प्लास्टर रेत निकालते हैं। दर्री के रेत खदान संचालनकर्ताओं द्वारा इस गड़बड़ी पर रोक भी नहीं लगाई जाती है।

### खनिज विभाग के खिलाफ नाराजगी

ग्रामीणों ने बताया कि जब कोई नेता या मंत्री आता है, तो अवैध और वैध रेत खदान भी को भी कड़ाई से बंद करवा दिया जाता है। बाकी समय खनिज विभाग की कार्रवाई केवल औपचारिकता ही रहती है। खनिज विभाग चाहे तो अवैध रेत खदानों से निकासी पूरी तरह से बंद हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। अब रेत माफिया रात में रेत की चोरी कर रहे हैं। ग्रामीणों को भनक भी नहीं लगती है और रोजाना कई ट्रैक्टर रेत निकल जाती है।

# फल वाले को झांसा देकर हजारों रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की

फल वाले से नगदी हजारों रूपये लेकर उसके बदले आनलाइन वापसी करने के बाद राशि को होल्ड करा हजारों रूपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

अंबेडकर वार्ड रूद्री रोड निवासी अंकेश सोनकर उम्र 20 वर्ष ने एसपी को नामजद शिकायत आवेदन किया है जिसमें कहा है कि वह रूद्री रोड में स्थित सोनकर प्लाजा के सामने फल का ठेला लगाता है। 18 नवंबर 2025 को आशीष देवांगन गुलमोहर वाटिका निवासी उसकी दकान में पहुंच अपने रिश्तेदार को अस्पताल में भर्ती होने का झांसा देकर 20 हजार रूपये नगद मांग तत्काल आनलाइन खाते में जमा करा देने का झांसा दिया। पुराना ग्राहक व परिचित होने के कारण आशीष को 20 हजार रूपये दे दिया। उन्होंने तत्काल उसके बैंक के खाते में 20 हजार आनलाइन जमा करा दिया। खाता में पैसा जमा हो गया जानकर वह संतुष्ट हो गया। 20.5.2026 को उसके बैंक खाते से 20-20 हजार रूपये कुल 40 हजार रूपये दो बार काट लिया जिस पर बैंक जाकर पता करने पर बताया गया कि कलेक्टोरेट के पास रहने वाले अमित पाठक ने 20 हजार रूपये होल्ड कराया है इसलिए डबल पैसा कटा है। पीड़ित ने आगे कहा कि इसी तरह 15 हजार नगद देकर आनलाइन जमा करवाया। बाद में उक्त रकम को होल्ड करवा दिया। 19 मई को मैसेज आने के बाद उसे जानकारी हुई।

पीड़ित अंकेश सोनकर ने आशीष देवांगन व अमित पाठक पर लोगों से नगदी पैसा लेकर उसे आनलाइन वापस कर बाद में रकम को होल्ड करा धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

# औद्योगिक क्षेत्र में झाड़ियों में आग, दमकल ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अग्रसेन भवन के पीछे स्थित क्षेत्र में सूखी झाड़ियों और घास में अचानक आग भड़क उठी, जिससे आसपास के इलाके में धुआं फैल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना सुबह करीब 11 बजे के आसपास हुई, जब अज्ञात कारणों से झाड़ियों में आग लग गई। तेज गर्मी और सूखी वनस्पति के कारण आग ने तेजी से फैलते हुए आसपास पड़े



कचरे को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही दमकल दल मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया, जिससे आग को आगे फैलने से ⏩ शेष पेज 11 पर

# तेंदुए के हमले से मौत, दो दिन बाद मिला शव

- जंगल किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी
- गांव में दशहत का माहौल : पिछले वर्ष एक बच्चे को अपना शिकार बना लिया था
- विभाग ने पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकासखंड नगरी के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत जैतपुरी के आश्रित ग्राम कोडमूड के जंगल किनारे एक युवक का शव मिलने से



क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि युवक की मौत तेंदुए के हमले से हुई है। घटना के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोडमूड निवासी चौंताराम मंडावी पिता सराधू मंडावी, उम्र लगभग 45 वर्ष, मंगलवार की रात भोजन करने के बाद घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने पहले आसपास खोजबीन की, मगर उनका कोई पता नहीं चला। गुरुवार को ग्रामीणों और परिजनों ने दोबारा जंगल की ओर तलाश शुरू की। इस दौरान जंगल के रास्ते में खून के निशान दिखाई दिए, जिनका पीछा करते हुए कुछ दूरी पर चौंतराम मंडावी का शव बरामद किया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि शव की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी जंगली जानवर, संभवतः तेंदुए ने हमला कर युवक को मार दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के जंगल में तेंदुआ एक साल पहले एक कमार परिवार के बच्चे को उठा ले गया और तो और कई मवेशियों और जानवरों को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है। शाम ढलते ही सड़क किनारे और गांव के आसपास तेंदुए की मौजूदगी कई लोगों द्वारा देखे ⏩ शेष पेज 11 पर

## जिला अस्पताल के डाक्टर पर लापरवाही का आरोप

# फर्श पर तड़प रहे बंदी मरीज को देखना ड्यूटी डाक्टर ने नहीं समझा जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल के बाह्य रोगी भवन के फर्श पर एक बंदी मरीज तड़पता रह गया लेकिन अपने कक्ष में बैठा डयूटी डाक्टर ने मरीज को देखना तक जरुरी नहीं समझा। वार्डब्वाय को मरीज को भर्ती कर लेने की बात कहकर अपनी डयूटी गैरजिम्मेदाराना तरीके से निभा दी।



चिकित्सकों को मरीजों का भगवान कहा जाता है। इसी कारण डाक्टरों को समाज में सम्माननीय माना जाता है। लेकिन कुछ डाक्टर अपने गैरजिम्मेदाराना कार्य व लापरवाही के कारण चिकित्सा जगत को शर्मसार करने से पीछे नहीं हटते। भले ही उनकी लापरवाही के कारण मरीज की जान चली जाए तब भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

### अस्पताल आना-जाना करता रहा डाक्टर

यह पूरा घटनाक्रम गुरुवार के 12 बजकर 15 मिनट से शुरु हुआ। मरीज को पुरुष वार्ड व उसके बाद आईसीयू वार्ड में भर्ती करने के दौरान लगभग 45 मिनट पूरा हो गया। लेकिन डॉक्टर वार्ड में जाकर मरीज को देखना जरुरी नहीं समझा। दोपहर 1 बजे के पहले अपने कक्ष से निकल बाइक निकाली और अस्पताल से चले गए। उसके 15 मिनट के बाद फिर से अस्पताल पहुंच गए। लगभग 1.30 बजे ओपीडी से निकल अस्पताल के वार्ड तरफ गए। इस मामले में मीडिया द्वारा डा.विश्वकर्मा से घटना के संबंध में पूछना चाहा तो ड्यूटी डाक्टर ने दो टूक कहा मुझे बात नहीं करना है कहकर चलते बने।

कुछ इसी तरह का मामला गुरुवार को जिला अस्पताल में देखने को मिला। वैसे भी जिला अस्पताल इन दिनों अपने बदहाल व्यवस्था पर आंसू बहा रहा है। ऐसे स्थिति में जिला अस्पताल में अपातकालीन स्थिति में मरीज के उपचार को लेकर ड्यूटी डाक्टर की लापरवाही कोई बड़ी बात नहीं है। गुरुवार को 12 बजे के लगभग जिला जेल के प्रहरी हत्या के मामले में एक वृद्ध बंदी को उल्टिया करते देख जांच व उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। गुरुवार को शासकीय अवकाश होने के कारण दो डाक्टर्स की दो पाली में इंमरजेंसी ड्यूटी पर थे। शिफ्ट बदलने पर दूसरी पाली में 12 बजे से 2 बजे तक पोस्टमार्टम ड्यूटी पर तैनात मेडिकल आफिसर डा.शुभम विश्वकर्मा की ⏩ शेष पेज 11 पर

## स्थानीय भाषा में कबर बिज्जू के नाम से जाना जाता है

# टाइगर रिजर्व में दुर्लभ हनी बैजर की तस्वीर कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्थानीय भाषा में कबरबिज्जू के नाम से जाने जाना हनी बैजर की टायगर रिजर्व के ट्रैप कैमरा में तस्वीर कैद हुई है। यह उदबिलाव आकार में छोटा, साहसी और आक्रामक स्वभाव का माना जाता है। मिट्टी में बिल बनाने में माहिर इस वन्य जीव का वैज्ञानिक नाम मेलिवोरा कैपेंसिस है।

हनी बैजर नेवला परिवार का एक अत्याधिक आक्रामक और निडर स्तनपायी जीव है। यह रात्रिचर और घने जंगलों झाडियों तथा घासभूमि वाले क्षेत्र में निवास करता है। उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के ट्रैप कैमरा में तस्वीर कैद होने के बाद वनविभाग ने इसकी जानकारी शेयर की है। इसकी पहचान पीठ पर सफेद ग्रे रंग की चादर जैसी त्वचा होती है। जबकि निचला हिस्सा और पैर काले गहरे रंग के होते है। यह मुख्य रुप से मांसाहारी है लेकिन इसे शहद और मधुमक्खी के लार्वा पसंद है। इसके अलावा सांप का शिकार कर खाने में सक्षम होता है। भोजन में यह कीट, पतंग, पक्षियों के अंडे, फल, जड़े भी खाता है। वनविभाग के अनुसार हनी बैजर अत्यंत फुर्तीला और शक्तिशाली जीव होता है। इसकी मोटी और ढीली त्वचा इसे मधुमक्खियों के डंक, सांपों के काटने और अन्य हमलों में काफी हद तक सुरक्षा प्रदान करती है।



- शेर-तेंदुए जैसे शिकारियों से भिड़ने का रखता है माद्दा

### दुनिया का सबसे निडर जानवर

उपनिदेशक वरूण जैन ने हनी बैजर से संबंधित रोचक तथ्य में बताते है कि अपनी निडरता और भयंकर रक्षात्मक क्षमताओं के कारण इसका नाम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज है। यह दुनिया का सबसे निडर जानवर माना जाता है, यह शेर या तेंदूए जैसे बड़े शिकारियों से भी बिना डरे लड़ जाता है। इसके शरीर में विशेष ग्रंथि होती है जो खतरनाक परिस्थितियों में एक तीखी दुर्गंध छोड़ती है। यह कीट पतंगों की संख्या नियंत्रित कर फसलों एवं वन क्षेत्रों की रक्षा करता है। मिट्टी में बिल बनाकर भूमि की उर्वरता बढ़ाने में मदद करता है। हनी बैजर की मौजूदगी वनक्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाती है। विभाग ट्रैप कैमरा और निगरानी के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।



## खबर संक्षेप

### बोरवेल मशीन में लगी आग से अफरा-तफरी

**कांकेर।** जिले के कोरर दबेना इलाके में गुरुवार को एक बोरवेल मशीन में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी मशीन आग की लपटों में घिर गई और आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वयारल हुआ है, जिसमें मशीन धू-धू कर जलती दिखाई दे रही है। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दूर भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही दमकल और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### मासूम की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजूर क्षेत्र के पीव्ही-130 गांव में डेढ़ माह के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवेंद्र पाल अपने पुत्र नयांश पाल को उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर उपचार के लिए कापसी स्थित श्रीराम चंद्र अस्पताल ले गए थे। प्राथमिक इलाज के बाद बच्चे को घर लाया गया और दवाइयां दी जा रही थीं, लेकिन तबियत बिगड़ने पर परिजन दोबारा अस्पताल पहुंचे, वहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### महंगाई के खिलाफ आज मजदूरों करेंगे प्रदर्शन

**कांकेर।** बढ़ती महंगाई के विरोध में आज शुक्रवार को मजदूर वर्ग गांधी चौक में प्रदर्शन करेगा। नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन के प्रवक्ता प्रशांत रजक ने बताया कि लगातार बढ़ रही महंगाई से मजदूर और गरीब तबका सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है।

# नौतपा का आज पांचवां दिन : भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नौतपा में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। शहर में अधिकतम तापमान 44 सेल्सियस से 45 सेल्सियस तक पहुंच गया है। चिलचिलाती धूप और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं के कारण दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है।

गुरुवार को नौतपा का चौथा दिन रहा। यह 2 जून तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान वास्तविक तापमान में कही ज्यादा गर्मी और तपिश का अहसास हो रहा है। भीषणगर्मी को देखते हुए मजदूर वर्ग ने भी अपना टाइम टेबल बदल दिया। राजमिस्त्री चुरामन पटेल बताते है कि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक काम करने का समय है लेकिन भारी गर्मी में समय को बदलना पड़ा है। अब सुबह 6 बजे से 10 बजे तक तथा शाम को 4 से 7 बजे तक काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि 11 बजने के बाद लोहा, सरिया इतना गर्म हो जाता है कि उसे पकड़ते ही हाथ में छाला उभर आता है। भारी गर्मी से शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे शरीर थरथराने लगता है।

रेत की सप्लाई देने वाला ड्रायवर हुलासराम, मजदूर मोनू व कालिया का कहना है कि दोपहर को नदी में जाने पर आग उगलती है। रेत इतना गर्म रहता है कि उसे छूने से जलन होती है। स्थिति को देखते हुए रात में रेत की सप्लाई दे रहे हैं। फिल्ड पर काम करने वाले चैनसिंग साहू ने बताया कि 11 बजे से 4 बजे के बीच फिल्ड का काम बंद कर दिए हैं।

## मजदूरों ने बदला काम करने का समय, आज से मौसम बदलने की संभावना

### कूलर भी काम नहीं आ रहा है

हाउसिंग बोर्ड ईब्लूएस कालोनी के निवासी संगीता देवांगन, छोटी यादव, सविता राजपूत कहती है कि नौतपा की गर्मी में कूलर काम करना बंद कर दिया है। कूलर से निकलने वाली हवा कमरे को ठंडा करने की बजाए उमस से भर दे रही है। भारी गर्मी से राहत के लिए अब मौसम बदलने का इंतजार है।



### बदलेगा मौसम तापमान गिरेगा

शुक्रवार को पूरे प्रदेश में मेघगर्जन के साथ तेजहवा, वज्रपात तथा वर्षा होने की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। आगामी 3 दिनो में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान में क्रमिक गिरावट आ सकती है। गुरुवार के लिए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर कहा है कि एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि, गरज चमक के साथ वज्रपात तथा 50 से 60 किमी की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने रंगमच के सामने शेड निर्माण एवं टाइल्स निर्माण कार्य हेतु मांग पत्र सौंपा

# कलेक्टर ने कर्णेश्वर मंदिर के पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कलेक्टर अविनाश मिश्रा का आगमन धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के केंद्र कर्णेश्वर धाम में हुआ, जहां उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर धाम की पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर के आगमन पर कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर, प्राचीन मूर्तियों, ऐतिहासिक अवशेषों तथा धाम से जुड़ी धार्मिक परंपराओं के बारे में ट्रस्ट सदस्यों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली। ट्रस्ट द्वारा उन्हें बताया गया कि कर्णेश्वर धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आगमन होता है।



कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने धाम में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा पर्यटन की संभावनाओं को लेकर अधिकारियों एवं ट्रस्ट सदस्यों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने धार्मिक धरोहरों के संरक्षण एवं परिसर के सुव्यवस्थित विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कलेक्टर को विभिन्न मांगों से अवगत कराया। ट्रस्ट की ओर से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था, पहुंच मार्ग के उन्नयन, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग सुविधा, पर्यटन विकास कार्यों तथा धाम की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित करने संबंधी मांगें रखी गईं। साथ ही आगामी धार्मिक आयोजनों एवं मेलों के दौरान प्रशासनिक सहयोग की भी अपेक्षा जताई गई।

कलेक्टर ने ट्रस्ट की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण एवं विकास शासन की प्राथमिकता में शामिल है तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

कलेक्टर के आगमन से ट्रस्ट सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, नागेन्द्र शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, कमल डागा, ट्रस्ट सचिव भरत निर्मलकर, सह सचिव मोहन पुजारी, छबि ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर, एसडीएम प्रीति दुर्गम, जनपद सीईओ रोहित बोर्झा सहित जिले भर के प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

-:: सुशासन तिहार में कागजी निपटारा ::-

# पेड़ों की कीमत पूछने पर थमाया कोर्ट का आदेश

- कुरुद ब्लाक अंतर्गत ग्राम थुहा के 16 साजा पेड़ की कटाई का है मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रदेश सरकार के सुशासन तिहार के तहत जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के दावों के बीच धमतरी वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। कुरुद ब्लॉक के ग्राम थुहा निवासी तोरण सिंह साहू ने अवैध रूप से काटे गए साजा पेड़ों के 14 से 16 अलग-अलग ठूंठों की गोलाई के आधार पर उनकी लकड़ी की अनुमानित आर्थिक कीमत का तकनीकी आकलन मांगा था। इसके लिए उन्होंने 19 मई 2026 को ऑनलाइन आवेदन क्रमांक 26144679744679 प्रस्तुत किया था।

मामले में आवेदक का कहना है कि उन्होंने केवल कटे हुए पेड़ों की अनुमानित कीमत और उससे संबंधित प्रमाणित जानकारी मांगी थी, लेकिन वन विभाग ने मूल प्रश्न का जवाब देने के बजाय आवेदन को ही निरस्त कर दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी द्वारा 26 मई 2026 को जारी पत्र क्रमांक 48 में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरूद के प्रतिवेदन का हवाला देते हुए बताया गया कि संबंधित भूमि राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत आती है तथा इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय कुरूद द्वारा पूर्व में आदेश पारित किया जा चुका है। वन विभाग ने मामले में तकनीकी मूल्यांकन करने की बजाय न्यायालयीन आदेश की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन को समाप्त मान लिया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों और क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि सुशासन तिहार के नाम पर विभाग सिर्फ फाइलों की औपचारिक खानापूर्ति कर रहा है, जबकि आवेदकों को उनकी मांग के अनुरूप स्पष्ट और तथ्यात्मक जानकारी नहीं मिल पा रही है।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपा आवेदन, किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

# खाद-बीज और डीजल संकट पर भड़का भारतीय किसान संघ, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारतीय किसान संघ जिला धमतरी ने जिले में खाद, बीज और डीजल की समस्या को लेकर शासन-प्रशासन पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम आवेदन सौंपकर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा निजी दुकानदारों द्वारा किए जा रहे शोषण पर रोक लगाने की मांग की है।

संघ द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वर्तमान समय में किसान खाद, बीज और डीजल की समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों को समितियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर निजी खाद विक्रेता अधिक कीमत वसूल कर किसानों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। संगठन का आरोप है कि शासन-प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।



### समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

संघ ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

इस दौरान जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर, तहसील अध्यक्ष ठाकुर राम, टीकम राम साहू, गौतम साहू, गोपालराम, उत्तम, उमेश्वरी, लोकेश्वरी साहू, महेंद्र, अशोक, हिमेंद्र कुमार, प्रदीप चंद्राकर, धनेश्वर सोनकर, प्यारे लाल निषाद, टेकराम चंद्राकर, व्यासनारायण, मुकेश लाल, मेवाराम साहू, दानेश्वर, रामकुमार एवं चमनलाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### कालाबाजारी रोकने और सस्ती दर पर बीज उपलब्ध कराने की मांग

भारतीय किसान संघ ने मांग की है कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराया जाए। साथ ही कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। संगठन ने किसानों को कृषि कार्य के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने, गुणवत्तायुक्त बीजों का भंडारण करने तथा हरी खाद के बीज सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई है।

# सिहाद में गंगा तालाब का गहरीकरण प्रारंभ





- मनरेगा के तहत 9 .45 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति मजदूरों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम पंचायत सिहाद में बुधवार को महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना के तहत गंगा तालाब की साफ सफाई एवं गहरी करण का कार्य जनपद पंचायत कुरुद से 9.45 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात 27 मई को तालाब में पूजा अर्चना के बाद तालाब की सफाई एवं गोदी का कार्य आरंभ किया गया। गोदी में वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 05 तक के कुल 181 महिला पुरुष मजदूरी कार्य में लगे हुए हैं । सरपंच श्रीमती सरिता बैस ने बताया की गंगा तालाब जो कि चारों तरफ से खेतों से लगा हुआ है जिसकी सफाई एवं गहरीकरण से किसानों को खेतो की सिचाई में लाभ मिलेगा व जल स्तर में बढ़ोत्री होगी। गांव में रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत काम मिलने से मजदूरों में हर्ष का माहौल है और आगे भी मजदूरों को रोजगार दिलाने के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। उक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रमुख रूप से सरपंच श्रीमती सरिता बैस एवं उपसरपंच भेषज बैस, पंचगण-किशोर पटेल, वेदमती साहू, बुधा साहू, विद्याशंकर साहू, तिलक विश्वकर्मा, चंदशेखर सोनी, गुनमत साहू, चेतना बैस, लक्ष्मी बैस, बेना बैस, कमलेश्वरी यादव, जेठिया सेन, कविता कुर्रे, थानेशवर पटेल, रोजगार सहायक उत्तम पटेल, मेट-सुनीता साहू, ज्योति कुर्रे, मोनिका मानिकपुरी, पिंकी विश्वकर्मा, योगेश्वरी साहू सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिकगण काफी संख्या मे उपस्थित थे।

# दरबा में नवीन डबरी निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

सुबह की शुरुआत के साथ ग्राम पंचायत दरबा में सरपंच श्रीमती पूजा गुलशन साहू के द्वारा नवीन डबरी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मनरेगा के अंतर्गत ग्राम दरबा में यह एक दूसरा कार्य और प्रारंभ किया गया है। इस कार्य से ग्राम वासियों में हर्ष व्याप्त है कि बारिश के पूर्व उन्हें दूसरा और मनरेगा कार्य मिल गया है।

सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने बताया कि मनरेगा कार्य लोगों के जीवन यापन व गरीब परिवार की रोजी-रोटी का एक प्रमुख अंग हो जाता है जो प्रत्येक वर्ष हर ग्रामीण के लिए खुशहाली लेकर आता है। दरबा ग्राम को प्राप्त मनरेगा कार्य के लिए सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने जनपद पंचायत, जिला पंचायत समस्त अधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित किया है।



इस शुभारंभ कार्यक्रम में सरपंच पुजा गुलशन साहू, जनपद सदस्य चंद्रशेखर साहू, रोजगार सहायक यमपुरी गोस्वामी तथा समस्त पंचायत प्रतिनिधि पंच गण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# महेंद्र कुमार बोरझा देंगे मगरलोड समर कैंप में अंग्रेजी पर टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकासखंड नगरी अंतर्गत संकुल केंद्र फरसियां के आश्रित माध्यमिक शाला बोडरा के प्रधान पाठक महेंद्र कुमार बोरझा आगामी 25 मई से 29 मई 2026 तक हायर सेकेंड्री स्कूल मगरलोड में आयोजित समर कैंप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं देंगे।

यह समर कैंप हायर सेकेंड्री स्कूल मगरलोड के प्राचार्य आत्माराम साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। समर कैंप के दौरान महेंद्र कुमार बोरझा प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक छात्र-छात्राओं को स्पोकन इंग्लिश, अंग्रेजी ग्रामर एवं अंग्रेजी बोलने की सरल तकनीकों की विशेष जानकारी देंगे।



उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शाला बोडरा अंग्रेजी शिक्षण एवं नवाचारों के क्षेत्र में विकासखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। विद्यालय के छात्र-छात्राएं अंग्रेजी विषय में विशेष दक्षता रखते हैं तथा विद्यालय समय-समय पर अपने उत्कृष्ट कार्यों के कारण सुर्खियों में बना रहता है।

बीते शिक्षा सत्र में महेंद्र कुमार बोरझा एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यक्रम हेतु हायर सेकेंड्री स्कूल मगरलोड पहुंचे थे। उनके सरल, प्रभावी एवं व्यवहारिक शिक्षण शैली से प्रभावित होकर प्राचार्य आत्माराम साहू द्वारा इस विशेष समर कैंप के आयोजन की पहल की गई।

प्राचार्य आत्माराम साहू एवं शाला प्रबंधन समिति ने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं तथा अंग्रेजी सीखने के इच्छुक लोगों से अपील की है कि वे इस विशेष समर कैंप में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ प्राप्त करें।

15 दिन में समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# पंचायत अधिकारों की उपेक्षा पर सरपंच संघ नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जनपद पंचायत सभाकक्ष कुरूद में ब्लॉक सरपंच संघ कुरूद की विस्तारित बैठक आयोजित हुई, जिसमें पंचायत के अधिकारों की उपेक्षा, विकास कार्यों में देरी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने की। उन्होंने कहा कि पंचायतों को लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई माना जाता है, लेकिन वर्तमान में पंचायत प्रतिनिधियों की लगातार अनदेखी हो रही है। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।



जिला सरपंच संघ अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार और सम्मान दिए बिना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत एवं विजन 2047 के सपने को पूरा नहीं किया जा सकता। जयमित्र साहू गोजी ने कहा कि गांवों की वास्तविक समस्याओं को समझे बिना केवल कागजी योजनाओं से विकास संभव नहीं है। संरक्षक पूर्णिमा साहू ने पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी और अधिकारों से दूर रखने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सचिव चेतन देवांगन एवं मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने भी पंचायतों की समस्याओं और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को गंभीर मुद्दा बताया। बैठक में आरोप लगाया गया कि पंचायतों से जुड़े निर्माण कार्यों, मनरेगा योजनाओं, मूल्यांकन और भुगतान प्रक्रिया में अत्यधिक देरी हो रही है। राशन कार्ड, पेंशन और जॉब कार्ड जैसे कार्य भी जनप्रतिनिधियों की जानकारी के बिना किए जा रहे हैं। सरपंच संघ ने प्रशासन को 15 दिन की समय सीमा देते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की, अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक में लगभग 76 सरपंच उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
- A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- State of the art NICU including care for Preterm, Term
- वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**

## नौतपा का कहर, 44 डिग्री पार तापमान स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**दुर्गुकोंदल।** नौतपा की भीषण गर्मी ने दुर्गुकोंदल क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान और तेज गर्म हवाओं के चलते क्षेत्र में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। भीषण गर्मी और हीट वेव के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों के लिए विशेष एडवायजरी जारी करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे ने बताया कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप सबसे अधिक खतरनाक रहती है। ऐसे समय में बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। बाहर जाते समय सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढंककर रखें, क्योंकि तेज धूप में बिना सुरक्षा के निकलना हीट स्ट्रोक का बड़ा कारण बन सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने खान-पान को लेकर भी सावधानी बरतने की सलाह दी है। अधिक तला-भुना, मसालेदार भोजन, मांसाहार और मदिरा सेवन से बचने को कहा गया है। गर्मी में हल्का एवं सुपाच्य भोजन लेने तथा शरीर में पानी की कमी न होने देने की सलाह दी गई है। लोगों को बार-बार पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस का सेवन करने कहा गया है।

**निधन**

### दया बाई सिन्हा

**धमतरी।** छ .ग. कलाकार तहसील धमतरी सिन्हा समाज की स्व.




उदेराम सिन्हा ग्राम रांवा निवासी की धर्मपत्नी दानवीर माता बहादुर कलारिन सम्मान से सम्मानित श्रीमती दया बाई सिन्हा उम्र 83 वर्ष का 28 मई को प्रातः लंबी अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। ज्ञात हो कि श्रीमती सिन्हा ने अपनी पूरी संपत्ति सिन्हा समाज धमतरी को दान कर दिया है। उनके निधन पर संतोष कुमार सिन्हा मंडलेश्वर धमतरी मंडल, यशवंत सिन्हा सचिव धमतरी मंडल, हेम शंकर सिन्हा कोषाध्यक्ष धमतरी मंडल ने शोक व्यक्त किया है।

# ट्रेंचिंग ग्राउंड की आग बनी मुसीबत, चौथे दिन भी धधकता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के बागतराई रोड स्थित नगर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग चौथे दिन भी पूरी तरह नहीं बुझ पाई। लगातार दमकल वाहनों से पानी की बौछार किए जाने के बावजूद कचरे के अंदर सुलग रही आग प्रशासन और आसपास के लोगों के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। भीषण गर्मी और तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैली, जिससे पूरे क्षेत्र में जहरीला धुआं फैल गया। इसका असर सोरिद, जोधापुर, टिकरापारा और बागतराई वार्ड तक महसूस किया जा रहा है।



**लाखों लीटर पानी खर्च, फिर भी राहत नहीं**

**जहरीले धुएं से लोग परेशान**

आग से उठ रहे जहरीले धुएं ने आसपास रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वार्डवासियों का कहना है कि घरों के भीतर भी मास्क लगाकर रहना पड़ रहा है। लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन की शिकायत हो रही है। डॉक्टरों के अनुसार प्लास्टिक, रबर, टायर और अन्य रासायनिक अपशिष्ट जलने से निकलने वाला धुआं फेफड़ों, लीवर और किडनी के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। महिलाओं और बच्चों पर इसका ज्यादा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

**ट्रेंचिंग ग्राउंड हटाने की उठी मांग**

स्थानीय लोगों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड को आबादी से दूर स्थानांतरित करने की मांग की है। उनका कहना है कि हर साल गर्मियों में यहां आग लगने की घटनाएं होती हैं और बदबू व धुएं से लोगों का जीना मुश्किल हो जाता है। इधर आग बुझाने पहुंचे नगरी फायर ब्रिगेड वाहन के हादसे में एक कर्मचारी की मौत ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। नगर निगम ने कचरा निष्पादन के लिए नई मशीनें लगाने और खाद बनाने की योजना शुरू करने की बात कही है। वहीं पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है।

नगर निगम द्वारा शहरभर का कचरा बागतराई स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप किया जाता है। बताया जा रहा है कि यहां हजारों क्विंटल कचरा जमा है। सोमवार दोपहर पराली की चिंगारी से आग लगने के बाद देखते ही देखते पूरा क्षेत्र धुएं और लपटो की चपेट में आ गया। आग बुझाने के लिए धमतरी की तीन और बालोद की एक दमकल लगातार फेरे लगा रही हैं। जेसीबी की मदद से रास्ता बनाकर दमकल वाहनों को भीतर पहुंचाया जा रहा है, लेकिन कचरे के अंदर धधक रही आग बुझाने में काफी मुश्किलें आ रही हैं।

आग बुझाने के प्रयास में अब तक एक लाख लीटर से अधिक पानी खर्च किया जा चुका है। नगर निगम के टैंकर और दमकल वाहन लगातार पानी डाल रहे हैं। अधिकारियों का अनुमान है कि पूरी तरह आग बुझाने में अभी दो से तीन दिन और लग सकते हैं। गर्मी और कचरे की मोटी परत के कारण आग अंदर ही अंदर फैलती जा रही है। ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास घनी आबादी होने से प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है।

### मनरेगा मजदूरों का फूटा गुस्सा, कार्य में व्यवधान डालने वालों पर कार्रवाई की मांग

# सिर्री के मजदूरों ने बिरेझर चौकी में तीन युवकों की कराई शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत सिर्री के दंतेश्वरी तालाब में चल रहे मनरेगा कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों एवं मजदूरों ने बिरेझर चौकी में 27 मई को सुबह शिकायत दर्ज कराई। दर्जनों की संख्या में आक्रोशित महिला और पुरुष मजदूरों ने 3 ट्रेक्टर में सवार होकर पुलिस चौकी बिरेझर पहुंच जमकर नारेबाजी करते हुए उक्त युवाओं के खिलाफ शासकीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने और गांव में शान्ति भंग करने के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कारवाई करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सिर्री के बीच बस्ती स्थित गांव का सबसे पुराना दंतेश्वरी तालाब है। शासन के निर्देशानुसार गहरीकरण कार्य के लिए मनरेगा योजना के तहत 9 लाख 73 हजार रुपए की राशि स्वीकृति हुई हैं। जिसमें 7 लाख 73 हजार रुपए मजदूरी है और वही 2 लाख रुपए वाल बनाने में खर्च किया जाना है।

इस तालाब में मनरेगा योजना के तहत इस कार्य को लेकर किसी भी मजदूरों को कोई भी किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है। लेकिन इस कार्य में गांव के तीन युवकों ने अन्य लोगों का फर्जी नाम लिखकर कलेक्टर, एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ के नाम से शिकायत दर्ज की गई है कि दंतेश्वरी तालाब में मनरेगा कार्य में मजदूरों के स्थान पर जेसीबी मशीन एवं हाइवा, डंपर लगाकर कार्य किया जा रहा है। इस बात को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर 27 मई को सुबह 7 बजे कार्य स्थल दंतेश्वरी तालाब के पास महिला एवं पुरुष मजदूर एकत्र होकर बैठक आयोजित किए। शिकायतकर्ता युवकों को बैठक में बुलाकर शिकायत दर्ज के बारे में पूछताछ किया और किए गए शिकायत दर्ज आवेदन को पुनः वापस लेने की बात कही। मगर मजदूरों की बातों को दरकिनार करते हुए उक्त तीनों युवक अपनी बात पर अड़े रहे। तभी महिला और पुरुष मजदूरों का आक्रोश और भड़क उठा और मजदूरों को रोजगार से वंचित करने का आरोप लगाते हुए तीनों युवकों के खिलाफ थाने में शिकायत की गई।



सरपंच देशांत सिन्हा ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत दंतेश्वरी तालाब में गहरीकरण का कार्य सुचारु रुप से चल रहा था। 5 अन्य लोगों के नाम से फर्जी हस्ताक्षर करके शिकायत की गई थी और कार्यस्थल पर खुद को शिकायतकर्ता बताकर युवकों द्वारा मौके पर उपस्थित होकर मनरेगा कार्य को बाधित किया जा रहा था और तुरंत काम बंद करने की बात कही जा रही थी। आगे सरपंच ने बताया कि जनपद पंचायत कुरूद के निर्देशानुसार निश्चित कार्यअवधि के लिए मस्टररोल जारी कर गहरीकरण का कार्य जारी था। ऐसे में मनरेगा कार्य में बाधा उत्पन्न करने को लेकर मजदूर भड़क उठे और आक्रोशित मजदूर, ग्रामीण उक्त युवकों के खिलाफ बिरेझर चौकी शिकायत दर्ज कराने पहुंच गए।

संबंधित शिकायत को लेकर जनपद पंचायत सीईओ अमित कुमार सेन ने कहा कि ग्राम पंचायत सिर्री के दंतेश्वरी तालाब के संबंध मे शिकायत मिली है, उसमें जांच दल गठित हुआ है। शिकायत सही है अथवा नहीं जांच में साफ होगा।

# बारिश से पहले एक्शन मोड में निगम

## सफाई में लापरवाही पर होगी सख्ती : रामू





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी बारिश को देखते हुए नगर पालिक निगम धमतरी ने सफाई व्यवस्था को लेकर तैयारी तेज कर दी है। शहर में जलभराव, गंदगी और बीमारियों की आशंका को रोकने के लिए महापौर रामू रोहरा ने विभाग प्रभारी निलेश लुनिया ,निगम अधिकारियों, स्वास्थ्य अमले और सुपरवाइजरों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर सख्त निर्देश जारी किए। महापौर ने दो टूक कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बारिश शुरू होने से पहले सभी नालियों की सफाई हर हाल में पूरी कर ली जाए।

बैठक में शहर की मौजूदा सफाई व्यवस्था, कचरा उठाव, नालियों की स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने महापौर को बताया कि विभिन्न वार्डों में नालियों की सफाई का कार्य चल रहा है तथा अतिरिक्त कर्मचारियों की मदद से अभियान को तेज किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि बरसात के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी नागरिकों के लिए बड़ी समस्या बन सकती है। जलभराव की स्थिति से सड़कें प्रभावित होती हैं और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए निगम प्रशासन को पहले से पूरी तैयारी करनी होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर के सभी बड़े नालों, छोटी नालियों और जल निकासी मार्गों की विशेष सफाई कराई जाए ताकि बारिश का पानी बिना रुकावट निकल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर जोन में नियमित निरीक्षण किया जाए और सफाई कार्य की प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाए। जहां शिकायतें अधिक मिल रही हैं, वहां विशेष अभियान चलाकर तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक अपने अपने क्षेत्रों में काम करेंगे।

महापौर रामू रोहरा ने शहरवासियों से भी सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिक घरों और दुकानों का कचरा नालियों या सड़कों पर न फेंके। स्वच्छ शहर बनाने में प्रशासन के साथ आम जनता की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। निगम का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि धमतरी को स्वच्छ, स्वस्थ और व्यवस्थित शहर बनाना है।

**शहर को 8 जोन में बांटकर होगी मॉनिटरिंग**

सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत और जवाबदेह बनाने नगर निगम द्वारा शहर को 8 जोन में विभाजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक जोन में अलग-अलग जिम्मेदारी तय की जाएगी तथा संबंधित पार्षद सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। महापौर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की निगरानी से वार्ड स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान होगा और कर्मचारियों की जवाबदेही भी बढ़ेगी।

**कचरा उठाव और नाली सफाई में तेजी लाने के निर्देश**

महापौर ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को भी प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शहर में कहीं भी कचरे का ढेर दिखाई नहीं देना चाहिए। सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली पर लगातार निगरानी रखी जाए। निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी वार्डों में नियमित फॉगिंग, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव और सफाई अभियान चलाया जाए ताकि बारिश के मौसम में बीमारियों पर नियंत्रण रखा जा सके।

# कुरुद नगर पालिका के विकास कार्यों को लेकर अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपी प्रस्तावों की फाइल

**कुरूद।** नगरपालिका कुरुद अंतर्गत मूलभूत विकास कार्यों को गति देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने कलेक्टर से सौजन्य भेंट कर परिषद से पारित संकल्पों की फाइल शासन को मंजूरी हेतु भेजने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने नगर विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने नगर के विकास के लिए शासकीय भूमि को



चिन्हित कर सुरक्षित करने तथा वर्षों पुरानी कालोनियों में विकास कार्य कराने की अनुमति संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से रखा। इसके पूर्व नगर पालिका की सामान्य सभा की बैठक में 14 बिंदुओं पर परिषद की सहमति प्राप्त की गई थी। बैठक में आश्रय शुल्क मद के 42 लाख रुपये से आवासविहीन लोगों के लिए अटल आवास एवं डिपो रोड के पास नए आवास निर्माण का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पुरानी मंडी परिसर में प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण कर विकास एजेंडा लाने, भरदा चौक स्थित दुकानों का स्वयं की राशि से जीर्णोद्धार कराने तथा एनएच रायपुर रोड स्थित नगरपालिका की भूमि को व्यावसायिक मद में परिवर्तित कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। परिषद ने विभिन्न विकास कार्यों की निविदाओं के अनुमोदन, नीलामी में राशि समय पर जमा नहीं करने वाले बोलीदारों की अमानत राशि जब्त करने, मुर्गा-मटन मार्केट के अपशिष्टों के व्यवस्थित डिस्पोज एवं छोटे-छोटे मूलभूत विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का भी निर्णय लिया।

## आदिवासी समाज को वनवासी कहे जाने पर कांग्रेस ने गृह मंत्री का पुतला दहन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गांधी मैदान धमतरी में देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। आदिवासी समाज को वनवासी कहे जाने के विरोध में आदिवासी कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस मनोज साक्षी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर नाराजगी जताई।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी अलग पहचान, संस्कृति और परंपरा है, जिसे किसी दूसरे नाम से संबोधित करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बयान से आदिवासी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए बयान वापस लेने और आदिवासी समाज से माफी मांगने की मांग की।

प्रदर्शन में पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, खिलेंद्र ध्रुव, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, एनसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, मजदूर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया सोनी, गीतराम सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# शीतला समिति ने दी कैलाश पवार को श्रद्धांजलि



**नगरी।** जय मां शीतला धर्मार्थ सेवा समिति सिहावा के पूर्व अध्यक्ष स्व. कैलाश पवार को समिति पदाधिकारियों, सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शीतला मंदिर परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत कैलाश पवार की पत्नी उषा पवार, भाई संतोष पवार नाती अंश गौतम सहित उनके परिजन उपस्थित रहे।

समिति के संरक्षक नरेन्द्र नाग ने कहा कि स्व कैलाश पवार ने लगभग 40 वर्षों तक शीतला समिति के अध्यक्ष पद का दायित्व निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाया। उनके नेतृत्व में समिति ने धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में नई पहचान स्थापित की। शीतला माता मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों, सेवा कार्यों एवं जनसहभागिता को मजबूत बनाने में कैलाश पवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कार्यकाल में नवरात्रि महोत्सव, धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा एवं सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी गई, जिससे समिति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का अवसर मिला।

लोगों ने उनके सरल स्वभाव, समाजसेवा एवं समर्पण भावना को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक नेम सिंह बिसेन, उपाध्यक्ष रामलाल नेताम, गगन नाहटा, महासचिव नारद निषाद, सचिव बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैंदलाल यादव, बलदेव निषाद, तुकाराम साहू, भरत निर्मलकर, महेन्द्र कौशल, नरेश पटेल, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, परमेश्वर नेताम, संजय सारथी, नारायण पाठक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**पेज 9 के शेष**

### मेडिकल कॉलेज के लिए तैयार हो रहा आंदोलन का ग्राउंड

गरीब वर्ग के छात्र भी मेडिकल की पढ़ाई कर पाएंगे। डॉक्टरों के साथ अन्य मेडिकल फील्ड के अन्य तकनीशियनों की कमी दूर होगी। समाजसेवा, शिक्षाविद और डॉक्टर की माने तो सालों पहले ही धमतरी में मेडिकल कॉलेज खुल जाना था, लेकिन अब तक नहीं खुला है। अब और विलंब धमतरी के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। मेडिकल कॉलेज को लेकर राजनीति काफी हो चुकी है। अब धमतरी की इस मांग को लेकर सभी पार्टी के जनप्रतिनिधि, हर जाति, समाज, धर्म के लोगों को एकजुट होकर आवाज उठाने की आवश्यकता है।

### 50 साल पहले ही खुल जाना था : डॉ. चंद्रशेखर चौबे

मेडिकल कॉलेज नहीं खुल पाया। जिले में पर्याप्त जमीन, सरकारी अस्पताल, डीसीएच अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं। ऐसे में धमतरी मेडिकल कॉलेज के लिए पूरी तरह उपयुक्त जिला है।

### जनता की आवाज जरूरी : डॉ. रोशन उपाध्याय

मेडिकल कॉलेज खुलने से स्वास्थ्य सुविधाएं भी आएंगी, जिससे मरीजों की बेहतर उपचार का विकल्प मिलेगा। उम्मीद है कि 2027 तक जिले में मेडिकल कॉलेज खुल जाएगा।

### औद्योगिक क्षेत्र में झाड़ियों में आग, दमकल ने पाया काबू

रोक दिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में सूखी झाड़ियों में छोटी सी चिंगारी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण मानवीय लापरवाही माना जा रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि खुले स्थानों पर जलती हुई वस्तुएं या कचरा न फेंकें, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### तेंदुए के हमले से मौत, दो दिन बाद मिला शव

जाने की बात भी कही गई है। बताया जा रहा है कि मृतक अविवाहित था और अपनी वृद्ध माता के साथ अलग रहकर खेती-किसानी कर जीवन यापन करता था। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया रात्रि में लोग गर्मी के कारण जंगल के पत्थर में सोते हैं। ऐसे ही मृतक सोया रहा होगा जिसे तेंदुआ 150 मीटर दूरी पर ले जाकर घटना को आजम दिया है। घटनास्थल पर मिले चिन्ह को देखने से स्पष्ट लग रहा है कि तेंदुए के हमले से मौत हुई है। परिवार को 25000 रु राशि प्रदान किया गया है। वन विभाग द्वारा आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई जा रही है, वहीं ग्रामीणों को जंगल की ओर अकेले न जाने की सलाह दी गई है। साथ पुलिस विभाग पंचनामा तैयार कर पीएम कर उसके शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### फर्श पर तड़प रहे बंदी मरीज को देखना ड्यूटी डाक्टर ने जरुरी नहीं समझा

ड्यूटी थी। डा.विश्वकर्मा लगभग 12 बजे ड्यूटी पर आकर ओपीडी में स्थित अपने केबिन में बैठे थे। इसी दौरान जेल प्रहरी बंदी मरीज का जांच व उपचार कराने ओपीडी भवन में ले गए। मरीज को कक्ष क्रमांक 1 के सामने विजिटिंग चेंबर पर बैठाया गया था। इसी दौरान मरीज को अचानक झटका आना शुरु हो गया। उसके हाथ पैर अकड़ने लगा। मरीज सरकते हुए फर्श पर आकर तड़पने लगा। उसके मुंह से झाग भी निकलने लगा। जेल प्रहरी व वार्डब्वाय डाक्टर को बुलाने उनके केबिन में जाकर मरीज की स्थिति बताई, लेकिन डा.शुभम विश्वकर्मा अपने केबिन से निकल चंद कदमों की दूर पर फर्श पर तड़प रहे बंदी मरीज को देखना तक आवश्यक नहीं समझा। ड्यूटी डाक्टर ने वार्डब्वाय से मरीज को वार्ड में शिफ्ट करने की बात कहकर चलता कर भर्ती करने के बाद आकर मरीज को देखने की बात भी कही। वार्डब्वाय व जेल प्रहरी फर्श पर पड़े बंदी मरीज को स्ट्रेचर पर सुलाकर पुरुष वार्ड ले गए। लेकिन डाक्टर के नहीं पहुंचने पर मरीज की गंभीर स्थिति को देख वहां तैनात स्टाफ नर्स द्वारा अपनी काबिलियत व क्षमता के हिसाब से मरीज के उपचार शुरु कर दिया। उसके बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट कर दिया, इसके बाद भी ड्यूटी डा.शुभम मरीज को देखने नहीं पहुंचे।

### एक पेड़ मां के नाम पर रोपे पौधे

**अंवरी।** देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया था। इसी महत्वपूर्ण विषय को आत्मसात करते हुए हेमंत ध्रुव ने अपनी माता जी के निधन उपरांत आयोजित जलांजलि कार्यक्रम के दिन अपनी मां की स्मृति में शांति घाट अंवरी में बरगद का पौधा रोपित किया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यह पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़ भी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अस्थिबाधित दिव्यांगों को मिलेगा रोजगार का अवसर

**धमतरी।** अस्थिबाधित दिव्यांगों के लिए 5 जून को विशेष रोजगार मेला का आयोजन रखा गया है। रोजगार मेला रायपुर में शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज, बैरन बाजार में रखा गया है, जिसमें पूरे प्रदेश के अस्थिबाधित दिव्यांग शामिल हो सकते हैं। विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उपसंचालक डॉ. शशि अतुलकर ने बताया कि अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए रोजगार हेतु रोजगार मेला का आयोजन 5 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज, बैरन बाजार, रायपुर में किया जा रहा है। यंग इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस रोजगार मेला में क्रेडालिस केपिटल प्राइवेट लिमिटेड, आई ट्रेड टेलिमेटिक्स, निगरानी जीपीएस, रामा उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, बारबर्रिक ट्रान्सफार्मर्रस, अविनाश डेव्लपर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं स्काई ऑटोमोबाईल रायपुर द्वारा योग्यतानुसार अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। चयनित आवेदकों को उनके योग्यता एवं पद के अनुसार 11 हजार से 30 हजार रूपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। जिला रायपुर उनका कार्यक्षेत्र रहेगा। बताया गया है कि इस रोजगार में पूरे प्रदेश से दिव्यांगजन शामिल हो सकते हैं, जो बिना व्हीलचेयर के चलने फिरने में सक्षम हैं तथा जिनकी आयुसीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष तक है। आवेदक अपने सभी प्रमाण-पत्र, 10वीं / 12वीं / स्नातक / स्तनातकोत्तर / डिप्लोमा / बी.ई./ आई.टी.आई./डीसीए / पीजीडीसीए आदि उत्तीर्ण की अंकसूची, तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड आदि की मूल एवं एक फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ कैम्प में उपस्थित हो सकते है। आने जाने,खाने पीने की व्यवस्था आवेदक को उठानी पड़ेगी।

### बस स्टैंड के शौचालय में अवैध वसूली पर नपं सख्त

**गीदम।** नगर पंचायत गीदम के बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक शौचालय में आम लोगों से यूरिन, बाथरूम के लिए 5 रुपये का अवैध शुल्क वसूला जा रहा था। शिकायत मिलने पर नगर पंचायत ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हुलसी प्रधान ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय में यूरिन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा सकता। ठेकेदार को अंतिम बार समझाइश देते हुए अवैध वसूली तुरंत बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में किसी भी यात्री से बाथरूम के लिए पैसे वसूलते पाया गया तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ठेका तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। नगर पंचायत ने यात्रियों से अपील की है कि शौचालय में यूरिन के लिए अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यालय को सूचित करें।

### खरीफ सीजन से पूर्व खाद संकट से किसान परेशान

**दुर्गुकोंदल।** खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले क्षेत्र में खाद और बीज की कमी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सहकारी समितियों और खाद वितरण केंद्रों में किसानों की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन मांग के अनुरूप डीएपी, यूरिया और अन्य उर्वरक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाते हुए किसानों के हित में तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि किसान खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी में जुट चुके हैं, लेकिन समय पर खाद नहीं मिलने से खेती प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने इसे किसानों के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को मजबूत करे। उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और वास्तविक किसानों तक पर्याप्त मात्रा में खाद पहुंचाने की मांग की। साथ ही खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक कीमतों पर बिक्री की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

पहली जमात सुबह 6 बजे, दूसरी जमात 10 बजे हुई

# धमतरी में ईद-उल-अजहा पर गूंजीं इबादत अकीदत और भाईचारे का दिखा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

त्याग, बलिदान और इंसानियत का पैगाम देने वाला ईद उल अजहा का पर्व गुरुवार को धमतरी जिले में पूरी अकीदत, सादगी और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही शहर की फिजा अल्लाहु अकबर की सदाओं से गूंज उठी। मुस्लिम समाज के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

शहर के मुख्य रत्नाबांधा चौक स्थित ईदगाह में नमाज को लेकर खास इंतजाम किए गए थे। भीड़ और गर्मी को देखते हुए अंजुमन इस्लामियां कमेटी ने इस बार नमाज दो जमात में कराने का फैसला लिया। पहली जमात सुबह 6 बजे हुई जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग और दूर-दराज से आने वाले लोग शामिल हुए। दूसरी जमात 10 बजे हुई, जिसमें युवाओं और बच्चों की भीड़ सबसे ज्यादा रही। दोनों जमात को मिलाकर करीब 6 से 7 हजार लोगों ने एक साथ सजदा किया। नमाज की इमामत जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मिस्बाही रजा ने की। नमाज से पहले उन्होंने तकरीबन 20 मिनट की तकरीर दी। अपनी तकरीर में मौलाना मिस्बाही रजा ने कुर्बानी के महत्व को बेहद आसान लफ्जों में समझाया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें हजरत इब्राहिम



**हजरत इब्राहिम की याद में मनाया जाता है पर्व**

इस्लामिक कैलेंडर के आखिरी महीने जिलहिज्जा की 10 तारीख को ईद उल अजहा मनाई जाती है। इसे कुर्बानी का पर्व भी कहते हैं। इसी दिन हज का भी समापन होता है। यह पर्व हजरत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो जाने की याद में मनाया जाता है। अंजुमन कमेटी के सदर शेख मोबिन राजु ने बताया कि समाज के लोगो ने पर्व खुशियों के साथ सादगीपूर्ण मनाते हुए प्रशासन का पूरा सहयोग किया, प्रशासन के द्वारा भी अच्छी व्यवस्था की गई थी, पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी की याद दिलाता है। आज हमें समझना होगा कि असल कुर्बानी सिर्फ जानवर की ही नहीं बल्कि अपने अंदर के नफ्स की भी है। झूठ, घमंड, हसद, लालच, बेईमानी की कुर्बानी करते हुए बुराईयों से बचना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुर्बानी से त्याग की भावना मजबूत होती है। वक्त आने पर हमे हक और सच की राह में अपना सबकुछ कुर्बान करने के लिए तैयार होना चाहिए। वहीं ईद उल अजहा पर की जाने वाली कुर्बानी का मसाइल बताया कि गरीब, जरूरतमंदों तक हिस्सा जरूर पहुंचाना चाहिए। अल्लाह ने फरमाया की हर हाल में अपने मोमिन भाईयों का ख्याल रखना चाहिए। अगर हमने सिर्फ फ्रिज भरने के लिए कुर्बानी की तो इस पर फिक्र करते हुए इस्लाम के बताए रास्ते को चुनना चाहिए। नमाज खत्म होते ही पूरा ईदगाह ईद मुबारक की सदाओं से गूंज उठा। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर चेहरे पर खुशी थी। इमाम साहब ने मुल्क की तरक्की, धमतरी में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और अच्छी बारिश के लिए खास दुआ कराई। हजारों हाथ एक साथ उठे और आमीन की सदाए बुलंद हुई। नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तान पहुंचे और अपने मरहूम रिश्तेदारों की कब्रों पर फूल चढ़ाकर फातिहा पढ़ी, मगफिरत की दुआ मांगी।

त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। ईदगाह, कब्रस्तान जामा मस्जिद समेत शहर की सभी मस्जिदों व प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा। ड्रोन से भी निगरानी की गई। यातायात पुलिस ने रूट डायवर्ट कर जाम की स्थिति नहीं बनने दी। नगर निगम ने ईदगाह के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया और पानी के टैंकर खड़े किए थे। नमाज के बाद सलातो सलाम हाजी हारून उस्मान ने पढ़ा। इस अवसर पर हाजी नसीम अहमद, सैय्यद अशफाक अली हाशमी, हाजी तसनीम खान, हाजी मैनुद्दीन खिलची, हाजी सलाम खत्री, हाजी नवाब खान, हाजी बशीर अहमद, हाजी दिलावर रोकड़िया, हाजी शरीफ रोकड़िया, सलीम रोकड़िया, वसीम कुरैशी, नूर अशरफ जहांगीर, रसूल खान, अब्दुल रज्जाक रिजवी, हाजी अमीन, तनवीर कुरैशी, इरफान मेमन, सज्जाद बेलिम, हाजी सलीम गोड़, यूसुफ गोड़, नजीर अहमद सिद्दीकी, इकबाल खोकर, इमरान मेमन, असलम रिजवी, हकीम खान, शकील अहमद, मोइन खान आदि मौजूद थे।

# कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया महामाई धाम फरसियां का निरीक्षण

- जिला प्रशासन की पूरी टीम को स्वल्पाहार में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक व्यंजन फरा एवं कांदा भाजी परोसा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा 16 पाली सेवा समिति महामाई धाम फरसियां पहुंचकर वहां संचालित विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों का विस्तृत अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने महानदी उद्गम कुंड के जीर्णोद्धार कार्य, महानदी कुंड परिक्रमा पाथवे निर्माण, मंदिर परिसर में सोलर लैंप के माध्यम से की जा रही आकर्षक दूधिया रोशनी व्यवस्था, मंदिर गार्डन में सौंदर्यीकरण कार्य, महानदी आरती हेतु विकसित पूजा स्थल तथा महानदी संरक्षण को लेकर किये जा रहे जनजागरूकता एवं संरक्षण कार्यों का निरीक्षण कर सराहना की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि धार्मिक आस्था के केंद्रों का संरक्षण एवं विकास केवल सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने महानदी उद्गम स्थल के संरक्षण के लिए समिति द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धमतरी जिले में संचालित "मां अभियान" की समीक्षा भी की तथा संबंधित अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों से जिले के विकास को नई दिशा मिल रही है।

इस अवसर पर कलेक्टर अविनाश मिश्रा के साथ जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर, एसडीएम नगरी श्रीमती प्रीति दुर्गम ने महामाई माता के दर्शन कर जिलेवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण रहा।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, 16 पाली सेवा समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने महानदी संरक्षण एवं धार्मिक स्थलों के विकास हेतु जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

16 पाली सेवा समिति द्वारा बताया गया कि आने वाले समय में महामाई धाम को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किये जाएंगे, जिससे क्षेत्र की पहचान को नई ऊंचाइयां मिल सके। इस अवसर पर महामाई समिति के कैलाश सोन ने महामाई 16 पाली समिति फरसिया के संवर्धन हेतु विशेष प्रयास के लिए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन की पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में होने वाली महानदी आरती में जिला प्रशासन को शामिल होने का अनुरोध किया गया।

समिति के अध्यक्ष जवाहर लाल मरकाम, सचिव नीरज सोन, उपाध्यक्ष गजानंद कश्यप, सरपंच केशव टेकाम, उप सरपंच त्रिलोक साहू, शिवदयाल साहू, भीमसेन गजेंद्र, रुद्रनारायण सिन्हा, अरुण प्रजापति, खेमसिंग चनाप सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# भखारा शराब दुकान में चाकू की नोक पर लूट, पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी/कुरूद



भखारा शराब दुकान परिसर में युवक से चाकू दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों और एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से नगदी रकम तथा वारदात में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद किया है। वहीं एक अन्य आरोपी की तलाश लगातार जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 25 मई 2026 की रात करीब 8 बजे की है। प्रार्थी अपने बड़े भाई के कहने पर शराब और डीजल खरीदने के लिए 3000 रुपये लेकर भखारा आया था। जब वह भखारा शराब दुकान परिसर पहुंचा, तभी वहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उसे रोक लिया और पैसों की मांग करने लगे। प्रार्थी द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी अंशुमन साहू ने अपने पास रखे धारदार चाकू को युवक के गले पर अड़ा दिया। इसी दौरान आरोपी लोकेश पटेल और विधि से संघर्षरत बालक ने युवक को पकड़ लिया, जबकि एक अन्य आरोपी समीर निर्मलकर ने मारपीट करते हुए युवक के पास रखे 3000 रुपये नकद और रेडमी मोबाइल फोन लूट लिया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की शिकायत पर थाना भखारा में अपराध क्रमांक 56/2026 के तहत धारा 309(4) बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अंशुमन साहू (18 वर्ष) निवासी भखारा, लोकेश पटेल (18 वर्ष) निवासी भखारा तथा एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू और नगदी रकम जब्त कर ली है। वहीं फरार आरोपी समीर निर्मलकर की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड धमतरी के समक्ष प्रस्तुत किया, जबकि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# जीवराखन मरई बने रायपुर संभाग प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज द्वारा आदिवासी धर्म कोड लागू करने एवं आदिवासी संस्कृति,



परंपरा और पहचान की रक्षा के उद्देश्य से प्रदेश स्तरीय समिति गठन अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में धमतरी जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं आदिवासी समाज प्रमुख जीवराखन मरई को रायपुर संभाग का प्रमुख दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के तहत गांव, पंचायत एवं जिला स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की रूढ़िजन्य परंपरा, सांस्कृतिक विरासत एवं पहचान को संरक्षित करना बताया गया है। समाज के प्रदेश नेतृत्व ने रायपुर संभाग की जिम्मेदारी जीवराखन मरई को सौंपते हुए कहा है कि वे जिले एवं प्रदेश के बीच समन्वय स्थापित कर संगठन को मजबूत बनाएंगे। उनके साथ सहयोगी के रूप में कमलेश ध्रुव को जिम्मेदारी दी गई है। धमतरी जिले में जीवराखन मरई लंबे समय से आदिवासी समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में समाज को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे धमतरी जिले के लिए गौरव की बात बताया है।













